**पटना जिलान्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पालीगंज में 15 कोर्ट भवन (G+5) का निर्माण कार्य के लिए दिनांकः 28.11.2018 को प्राप्त ई0-पुनर्निविदा का वित्तीय बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 14.01.2019 को आहूत बैठक की कार्यवाहीः-**

---

**उपस्थितिः-**

1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
6. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

**कार्यवाहीः-**

**1.योजना का नामः-** पटना जिलान्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय पालीगंज में 15 कोर्ट भवन (G+5) का निर्माण कार्य।

**2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** ₹2150.48 लाख

**3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** ₹2246.01 लाख **(अनुज्ञेय सीमा के अधीन)**

**4.परिमाण विपत्र की राशिः-** ₹21,26,47,129/-

**5.निविदा प्राप्त करने की तिथिः-** 28.11.2018

**6.निविदा खोलने की तिथिः-** 30.11.2018

**7.निविदा प्रसारण का माध्यमः-** ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र

**8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नामः-** दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18

**9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्याः-** 10454 (Ni.Ni) 2018-19

**10. तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-**

प्रथमवार आमंत्रित निविदाः- इस कार्य हेतु दिनांक 22.06.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र में हुआ था। जिसका पी0आर0 संख्या-2655 नि0नि0-2018-2019 है, जिसमें तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, परन्तु अपरिहार्य कारण वश निगम का ओदश का ज्ञापांक, 2204 दिनांक 24.07.2018 के द्वारा रद्द कर दी गयी थी।

द्वितीयवार आमंत्रित पुनर्निविदा (वर्त्तमान):- विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक 03.01.2019 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की पूर्न बैठक की अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति का दिनांक 04.01.2019 की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 12.01.2019 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी तरह का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में इस निविदा में सफल एकल निविदादाता (1) अरविन्द कुमार, 401 शकुंतला इन्कलेव, सहजानंद पथ, पटना का वित्तीय बीड खोला गया, जिसका सार इस प्रकार है:-

| क्र0 सं0 | निविदादाता | परिमाण विपत्र की राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित मदों का) | संवेदक द्वारा उद्धृत दर/राशि | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरविन्द कुमार, 401 शकुंतला इन्कलेव, सहजानंद पथ, पटना | ₹21,26,47,129.00 (इक्कीस करोड़ छब्बीस लाख सैंतालीस हजार एक सौ उनतीस रुपये) मात्र | (10.00% Below) ₹19,13,82,416.10 (उन्नीस करोड़ तेरह लाख येरासी हजार चार सौ सोलह दशमलव एक शून्य रुपये) मात्र | ₹19,13,82,416.10 (उन्नीस करोड़ तेरह लाख बेरासी हजार चार सौ सोलह दशमलव एक शून्य रुपये) मात्र |

''अरविन्द कुमार, 401 शकुंतला इन्कलेव, सहजानंद पथ, पटना'' का उद्धृत दर अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि ₹21,26,47,129.00 (इक्कीस करोड़ छबीस लाख सैतालीस हजार एक सौ उनतीस रुपये) मात्र से 10.00% कम यानि ₹19,13,82,416.10 (उन्नीस करोड़ तेरह लाख बेरासी हजार चार सौ सोलह दशमलव एक शून्य रुपये) मात्र है।

अतएव, उपरोक्त वर्णित परिस्थिति में वित्त विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या 7806(वि) दिनांक 30.09.2016 में निहित निदेश ''दोबारा निविदा आमंत्रण के बाद भी तकनीकी बोली के मूल्यांकन के पश्चात् वित्तीय बोली के मूल्यांकन हेतु एक ही निविदा शेष हो तो उस विषय का निपटारा सक्षम प्राधिकार से एक स्तर के उपर के प्राधिकार द्वारा किया जायेगा'' के आलोक में समिति सर्वसम्मति से कुल ₹19,13,82,416.10 (उन्नीस करोड़ तेरह लाख बेरासी हजार चार सौ सोलह दशमलव एक शून्य रुपये) मात्र की राशि पर ''अरविन्द कुमार, 401 शकुंतला इन्कलेव, सहजानंद पथ, पटना'' के पक्ष में कार्यावंटन पर निर्णय लेने हेतु निगम निविदा समिति के माध्यम से निगम निदेशक पर्षद की आगामी बैठक में उपस्थापित करने की अनुशंसा की गयी है।

**11. निगम निविदा समिति का निर्णयः-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का दिनांक 12.01.2019 को आहूत बैठक की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में ''अरविन्द कुमार, 401 शकुंतला इन्कलेव, सहजानंद पथ, पटना'' का उद्धृत दर ₹19,13,82,416.10 (उन्नीस करोड़ तेरह लाख बेरासी हजार चार सौ सोलह दशमलव एक शून्य रुपये) मात्र जो अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि से 10.00% कम है, की राशि पर कार्यावटंन हेतु निदेशक पर्षद की आहूत होने वाली आगामी 46वी बैठक में निर्णय लेने हेतु समिति सर्वसम्मति से अनुशंसा करती है।

उपर्युक्त तथ्यों एवं निविदा संबंधी दस्तावेजों को मुख्य महाप्रबंधक अग्रत्तर कार्रवाई हेतु निदेशक पर्षद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 14.1.19<br>(रंजित प्र0 सिह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 14.01.19<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 14.1.19<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 14.01.2019<br>(रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | (उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 14/1/19<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |